(b), (c) and (d) According to the Indian Council of Medical Research, the advantages of chlorination of water for outweigh the possible risk for development of cancer.

सफदरजंग अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ शिकायतें

1323. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991–92 के दौरान सफदरजंग अस्पाताल, नई दिल्ली के डाक्टरों के खिलाफ कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, और

(ख) सरकार द्वारा उन पर क्या कार्रवाई की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) 1989 से 1992 तक (30–6–92 तक) की अवधि के दौरान सफदरजंग अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ इस मंत्रालय में 10 शिकायतें प्राप्त हुई है । प्राप्त शिकायतों की जांच करने पर एक डाक्टर को केंद्रीय सिविल सेवा (सी० सी० ए०) नियम, 1965 के अधीन भारी दंड देने के लिए आरोप पत्र दिया गया है और तीन मामलों को समाप्त कर दिया गया है । शेष मामलो की जांच की जा रही है ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डाक्टरों के विरुद्ध शिकायतें

1324. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991–92 के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डाक्टरों के विरुद्ध कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है ; और

(ख) सरकार द्वारा उन पर क्या कार्रवाई की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) वर्ष 1989-90, और 1991–92 के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा डाक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट की गई शिकायतों की संख्या वर्ष वार इस प्रकार है :

1989	3
1990	4
1991	4
1992	2

(ख) जबकि छोटी मोटी शिकायतों की जांच चिकित्सीय समाजिक कार्यकर्त्ता द्वारा की जाती है, रोगियों की देखभाल करने में लापरवाही सहित शिकायतें संबंधित वरिष्ठ संकाय को भेजी जाती हैं । जब कभी आवश्यक हो तब अनुशासनात्मक कार्रवाई सहित, आवश्यक उपचारात्मक उपाय ऐसी जांच पड़तालों के निष्कर्षों के अनुसार किये जाते हैं । इसके अतिरिक्त, गम्भीर प्रकृति की शिकायतें के सभी मामलों की जांच इसी कार्य हेतु बनी जांच समिति द्वारा की जाती है ।

Making the Malaria a notifiable disease

1325. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Director of N.M.E.P. (National Malaria Eradication Programme) has recently requested the Delhi Administration to make the Malaria a notifiable disease;

(b) if so, what are the details thereof; and